नवोदय टाइम्स
नई दिल्ली
NAVODAYA TIMES, New Delhi
ABC से प्रमाणित 1,46,688 प्रतियां प्रतिदिन (औसतः जुलाई-दिसम्बर 2019)
मूल्य ₹4/-

'हिना ने मालदीव में कराया फोटो शूट, काजोल ने ब्लैक एंड व्हाइट ड्रैस में शेयर किया लुक' 11

आज के अंक के साथ 'नारी' का परिशिष्ट लेना न भूलें। -व्यवस्थापक

वी-आकार का सुधार दर्ज कर रही है भारतीय अर्थव्यवस्था 9

शुक्रवार, 4 दिसम्बर, 2020 • तदनुसार 20 मार्गशीर्ष, विक्रमी सम्वत 2077 | www.navodayatimes.in | facebook.com/navodayatimes | twitter.com/navodayatimes | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 14° सूर्योदय 07.00 सूर्यास्त 05.25 | वर्ष 8, अंक 120 | पृष्ठ 12+4

जेवर एयरपोर्ट : 3 और रनवे

रिपोर्ट पर चर्चा के बाद लगी मुहर

नोएडा, 3 दिसम्बर (नवोदय टाइम्स): नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के तीन और रनवे की तकनीकी आर्थिक फिजबिलिटी रिपोर्ट (टीईएफआर) प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग एंड इंप्लीमेंटेशन कमेटी (पीएमआईसी) की वीरवार को लखनऊ में बैठक के दौरान रिपोर्ट पर चर्चा हुई और मुहर लगा दी गई। अब यह रिपोर्ट आगामी कैबिनेट बैठक में रखी जाएगी। कैबिनेट से हरी झंडी मिलने के बाद परियोजना में आगे के कामों को शुरू किया जा सकेगा। जेवर एयरपोर्ट को दो रनवे के साथ शुरू किया जाएगा। इसके लिए सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए विकासकर्ता कंपनी के साथ अनुबंध हो चुका है। अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) तीन और रनवे के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। नियाल ने सबसे पहले तीन और रनवे की टीईएफआर बनवा ली है। यह रिपोर्ट सलाहकार कंपनी पीडब्ल्यूसी ने बनाई है। लखनऊ में गुरुवार को मुख्य सचिव आरके तिवारी की अध्यक्षता में पीएमआईसी की बैठक हुई। बैठक में तीन और रनवे की फिजबिलिटी रिपोर्ट रखी गई। बैठक में नियाल के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, एयरपोर्ट के नोडल अफसर शैलेंद्र भाटिया मौजूद रहे।